# बिहार सरकार
## लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

### आवश्यक सूचना

बिहार तकनीकी सेवा आयोग के विज्ञापन सं0–01/2019 के अन्तर्गत कनीय अभियंता (असैनिक/यांत्रिक) के पद पर चयनित एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को आवंटित किये जाने के क्रम में बिहार तकनीकी सेवा आयोग के पत्र सं0–14 एवं 15 दिनांक–01.01.2025 द्वारा प्राप्त अनुशंसा के आलोक में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग में कनीय अभियंता (असैनिक/यांत्रिक) के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए शैक्षणिक एवं अन्य संगत प्रमाण पत्रों/अभिलेखों का सत्यापन (Certificate Verification/Counselling) हेतु दिनांक–15.01.2025 से 17.01.2025 तक एवं 27.01.2025 को तिथि निर्धारित की गयी थी। निर्धारित तिथि में कुल–30 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें तथा बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना के पत्रांक–667 दिनांक–24.02.2025 द्वारा कुल–03 कनीय अभियंता (असैनिक) एवं 01 कनीय अभियंता (यांत्रिक) की अनुशंसा प्राप्त है, जिसकी सूची परिशिष्ट–1 के रूप में संलग्न है।

एतद् द्वारा अनुपस्थित अभ्यर्थियों तथा बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना के पत्रांक–667 दिनांक–24.02.2025 द्वारा अनुशंसित कनीय अभियंता (असैनिक/यांत्रिक) के शैक्षणिक एवं अन्य संगत प्रमाण पत्रों/अभिलेखों का सत्यापन (Certificate Verification/Counselling) के लिए पुनः दिनांक–10.03.2025 को पूर्वाह्न 10:00 से अपराह्न 2:00 बजे तक लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (मुख्यालय), विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना (मीटिंग हॉल) में सत्यापन कार्यक्रम निर्धारित करते हुए, सूचित किया जाता है कि वे सत्यापन कार्यक्रम में निम्नलिखित प्रमाण पत्र/अभिलेख के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें :–

1. पहचान हेतु आधार कार्ड/निर्वाचन पहचान पत्र/ड्राईविंग लाईसेंस या अन्य फोटोयुक्त पहचान पत्र एवं संख्या (मूल में)।
2. पूर्ण रूप से भरा हुआ सत्यापन प्रपत्र (दो प्रतियों में)। (विहित प्रपत्र विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है)।
3. मैट्रिक उत्तीर्णता का मूल प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र।
4. Diploma in Engineering का मूल प्रमाण पत्र।
5. Diploma in Engineering का सभी वर्षो/semester का मूल अंक पत्र।
6. अनुभव प्रमाण पत्र, जो आयोग में समर्पित किया गया है (बिहार राज्य में अवस्थित किसी विभाग/संस्थान/उपक्रम/निगम/निकाय/प्राधिकार/स्वशासी निकाय में संविदा के आधार पर कनीय अभियंता (असैनिक/यांत्रिक) के पद पर कार्य करने का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों के लिए)।
7. अन्य उच्चतर शैक्षणिक योग्यता से संबंधित मूल प्रमाण पत्र जो आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया गया हो।
8. अगर नियोजित/सरकारी/अर्द्ध सरकारी संस्थान में कार्यरत हो, तो नियोक्ता द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र/सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत विरमन पत्र/सक्षम प्राधिकार द्वारा स्वीकृत त्याग पत्र।
9. सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण पत्र (मूल प्रति में)।
10. सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र। (आरक्षित कोटि में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों के लिए) (मूल प्रति में)।

11. सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत क्रीमीलेयर रहित प्रमाण पत्र। (पिछड़ा/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए मूल प्रति में)

12. सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का प्रमाण पत्र (मूल प्रति में)।

13. चरित्र प्रमाण पत्र (मूल प्रति में)। संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत एवं छः माह से पूर्व का नहीं हो ।

14. सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत दिव्यांगता संबंधी प्रमाण पत्र (दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए मूल प्रति में)।

15. सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत स्वतंत्रता सेनानी के (नाती/नतिनी/पोता/पोती) संबंधी प्रमाण पत्र (मूल प्रति में)।

16. सिविल सर्जन द्वारा निर्गत अद्यतन स्वास्थ्य संबंधी प्रमाण पत्र (मूल प्रति में)।

17. अनुमंडल पदाधिकारी/कार्यपालक दंडाधिकारी द्वारा निर्गत विहित प्रपत्र में इस आशय का शपथ पत्र कि सभी प्रमाण पत्र सही है तथा आपके विरूद्ध थाना में अथवा न्यायालय में कोई वाद दर्ज नहीं है एवं आपका आचरण प्रतिकूल नहीं है। शपथ पत्र का विहित प्रपत्र विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है।

18. तिलक–दहेज नहीं लेने एवं नहीं देने संबंधी शपथ पत्र (मूल प्रति में)।

19. जिन अभ्यर्थियों के द्वारा कार्यानुभव का दावा किया गया हो, उन अभ्यर्थियों को किये गये कार्यानुभव की सम्पूर्ण अवधि का नियंत्री पदाधिकारी द्वारा निर्गत वेतन/मानदेय/पारिश्रमिक भुगतान प्रमाण पत्र।

20. नवीनतम पासपोर्ट साईज का 04 (चार) रंगीन फोटोग्राफ (फोटो के पीछे नाम एवं Serial No. लिखना सुनिश्चित करें)।

21. बायोडाटा विहित प्रपत्र में।

उपरोक्त कंडिका–1 से 19 तक में अंकित प्रमाण पत्रों/सभी अभिलेखों की स्व–अभिप्रमाणित छाया प्रतियाँ दो सेट में।

नोट :– 1. अगर अभ्यर्थी उक्त प्रमाण पत्रों के साथ जाँच हेतु संलग्न कार्यक्रम के अनुसार उपस्थित नहीं होते है तो उनकी अभ्यर्थिता (Candidature) के विरूद्ध विधि सम्मत निर्णय लिया जा सकता है।

2. प्रमाण पत्रों की जाँच हेतु सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी को किसी प्रकार का यात्रा व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

3. किसी प्रकार की टंकण त्रुटि होने पर उसमें सुधार करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।

4. प्रमाण पत्रों के सत्यापन से संबंधित सत्यापन प्रपत्र एवं शपथ पत्र से संबंधित विहित प्रपत्र एवं उपरोक्त निदेश विभागीय वेबसाईट https://state.bihar.gov.in/phed से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

अनु0 :– (i) परिशिष्ट–'1' (अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची) ।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0)

"परिशिष्ट–I"

विज्ञापन सं0–01/2019 अन्तर्गत लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को कनीय अभियंता (असैनिक) के पद पर अनुशंसित/आवंटित एवं काउंसेलिंग कार्यक्रम में अनुपस्थित अभ्यर्थियों की सूची।

| Sl. | Sl. of BTSC | Registration No. | Name |
|---|---|---|---|
| 1 | 58 | BR00150010117007 | RAM KUMAR SAH |
| 2 | 88 | BR00150010067754 | SHAMBHU PRASAD |
| 3 | 106 | BR00150010052363 | POOJA KUMARI |
| 4 | 116 | BR00150010074414 | MD ZEESHAN |
| 5 | 119 | BR00150010049528 | ANAMIKA MITRA |
| 6 | 123 | BR00150010003855 | KHUSHBOO KUSHWAHA |
| 7 | 127 | BR00150010063979 | RAVI KUMAR |
| 8 | 133 | BR00150010110164 | PRAMOD KUMAR GUPTA |
| 9 | 136 | BR00150010081203 | SAKSHI SHRIVASTAVA |
| 10 | 149 | BR00150010056273 | SAMRAT KUMAR SINGH |
| 11 | 158 | BR00150010042538 | KANCHAN GUPTA |
| 12 | 167 | BR00150010056036 | AFSAR ALAM ANSARI |
| 13 | 176 | BR00150010047324 | APURVA SINGH |
| 14 | 179 | BR00150010083806 | KM SHAKUNTALA RANI |
| 15 | 188 | BR00150010049263 | PARUL RAI |
| 16 | 192 | BR00150010076831 | KIRAN YADAV |
| 17 | 198 | BR00150010065674 | HIMANSHU RANJAN |
| 18 | 205 | BR00150010003008 | NAKUL KUMAR |
| 19 | 245 | BR00150010051695 | JAY SHISH KUMAR |
| 20 | 251 | BR00150010055581 | PANKAJ KUMAR |
| 21 | 282 | BR00150010070983 | SANJEEV KUMAR |
| 22 | 284 | BR00150010076409 | MANOJ KUMAR |
| 23 | 316 | BR00150010079928 | SANJAY KUMAR |
| 24 | 317 | BR00150010075315 | SANJAY KUMAR |
| 25 | 319 | BR00150010006356 | JAMIL AHMAD |
| 26 | 347 | BR00150010080778 | ANUJ KUMAR |
| 27 | 355 | BR00150010105531 | ASIF RAJA RASHID |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 28 | 363 | BR00150010055194 | VIMLESH KUMAR |
| 29 | 395 | BR00150010075974 | SANTOSH KUMAR |
| 30 | 438 | BR00150010037513 | JASMINE KUMARI |

(II) विज्ञापन सं0–01/2019 अन्तर्गत बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना के पत्रांक–667 दिनांक–24.02.2025 द्वारा अनुशंसित कनीय अभियंता (असैनिक) के अभ्यर्थियों की सूची।

| Sl. | Sl. of BTSC | Registration No. | Name |
|---|---|---|---|
| 1 | 2443 | BR00150010075977 | JAY PRAKASH CHOUDHARY |
| 2 | 2785 | BR00150010007258 | SURENDRA KUMAR |
| 3 | 2388 | BR00150010049516 | DEEPAK KUMAR |

(III) विज्ञापन सं0–01/2019 अन्तर्गत बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना के पत्रांक–667 दिनांक–24.02.2025 द्वारा अनुशंसित कनीय अभियंता (यांत्रिक) के अभ्यर्थियों की सूची।

| Sl. | Sl. of BTSC | Registration No. | Name |
|---|---|---|---|
| 1 | 1074 | BR00150010002637 | MUKESH KUMAR |

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0)